हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

4
आरआरआर लुड़ेग बनी विजेता


## खबर संक्षेप

### पेड़ में फांसी लगाकर ग्रामीण ने की खुदकुशी

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चापखेत में उस समय हड़कंप मच गया, जब उसी गांव का रहने वाला 47 वर्षीय शिवनंदन राठिया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ मिला। शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर मलका जीरो पॉइंट के पास नदी किनारे स्थित एक पेड़ पर लटका मिला, जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। अचानक हुई इस घटना से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार शिवनंदन राठिया गांव के मिलनसार और परिचित व्यक्ति थे, इसलिए उनकी मौत की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। सूचना मिलने पर धरमजयगढ़ पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की तथा पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

### मारपीट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया । जानकारी के अनुसार बैकुण्ठपुर महावीर चौक निवासी वैभव ठाकुर ने बीते 28 मार्च को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया था कि 27 मार्च को श्रीरामनवमी शोभायात्रा के दौरान गैलेक्सी मॉल के पास कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था, जिसमें उसने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराने की कोशिश की थी। जिसके बाद देर रात शोभायात्रा समाप्त होने के बाद जब वह अपने साउंड सिस्टम का सामान दशरथ पान ठेला के पास रखवा रहा था, तभी शुभम भाटिया, विश्वास बैरागी और उनके कुछ साथी वहां पहुंचे। बीच-बचाव करने की बात को लेकर आरोपियों ने उससे विवाद शुरू कर दिया और गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शुभम भाटिया ने हाथ में पहने कड़े से हमला किया, जबकि विश्वास बैरागी और अन्य साथियों ने हाथ.मुक्कों व लातों से मारपीट की। घटना में वैभव ठाकुर को नाक, कंधे और हाथ में चोटें आई थीं। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की। इसी बीच विश्वास बैरागी 20 निवासी मोदीपारा सावित्री नगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मारपीट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

### फरार गांजा तस्कर पत्थलगांव से गिरफ्तार, 3.5 किलो जब्त

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पत्थलगांव गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र में लैलूंगा रोड पर नाकेबंदी के दौरान दो युवकों को संदेह के आधार पर रोका गया था। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 3.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ थाए जिसकी कीमत करीब 1.75 लाख रुपए आंकी गई थी। पुलिस ने गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय सिदार निवासी चांदमारी और शिवव्रत सिदार निवासी गोढ़ीकला, पत्थलगांव के रूप में हुई थी। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा का हरित संकल्प, जिलेभर में व्यापक पौधरोपण

# वृक्ष पृथ्वी के जीवनदाता, स्वच्छ वातावरण के लिए आवश्यकः भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

■ पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का दिया संदेश

पत्थलगांव में विधायक गोमती साय, जशपुर में विधायक रायमुनी भगत तथा कुनकुरी में भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदाता हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।



### पर्यावरण संरक्षण वैश्विक जरूरत

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्रहित के प्रत्येक विषय पर जनजागरण का कार्य करने वाला संगठन है। पर्यावरण संरक्षण आज वैश्विक आवश्यकता बन चुका है। वृक्षारोपण के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि कार्यक्रम में जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, उपेन्द्र यादव, सुशीला साय, सुनील अग्रवाल, संतोष सहाय, राजकपूर भगत, आलोक सारथी, संतोष सिंह, अनूप नारायण सिंह, आरती सिंह, हेमन्त बनजारा, असलम आजाद, सुदाम पांडा, गणेश जैन, राजकुमार गुप्ता, उमेश यादव, मुकेश सोनी, अंकित बंसल, नेहरू सिंह, पंकज जायसवाल, विशाल अग्रवाल, आनंद यादव, हरीश कुमार, देवलाल भगत, विनोद निकुंज, सुधीर भगत, द्वारिका मिश्रा, सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में पौधरोपण

**जशपुरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने स्काउट-गाइड के बच्चों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया।

■ कौशल्या साय ने बच्चों के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की दैनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।



### स्काउट गाइड के बच्चो ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित स्काउट-गाइड के बच्चों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। बच्चों ने प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा लोगों को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

### कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना

इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास बगिया परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना रहा।

## स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं पौधेः गोमती

**पत्थलगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम इंजको एवं महुआ टिकरा पूरन तालाब में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव भी रखते हैं।

उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का संकल्प ले। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाई।



## भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रोप पौधे

**बगीचा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बगीचा के वार्ड क्रमांक 1 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और वृक्षारोपण इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। वृक्षारोपण के माध्यम से लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर शंकर गुप्ता, केशव यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष हरीश आरिक, महामंत्री राजकिशोर जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक, लोकनाथ यादव, बेनुधर यादव मंडल उपाध्यक्ष, कुंवर यादव किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष,पार्षद रामनिवास गुप्ता, ऋत्विक जैन, संतोष गुप्ता सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।





## खरसोता विद्यालय में दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश







**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसोता के प्रांगण में वन परिक्षेत्र मनोरा, वन मंडल जशपुर के तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्राधिकारी ललित साय पैकरा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन एवं जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी एवं उपस्थित ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खरसोता की सरपंच पदमा ओहदार, बीडीसी सदस्य श्रीमती सरोज प्रधान, पूर्व बीडीसी दिनेश्वर प्रधान, विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार राम,जगमईत भगत,निर्मला भगत, रामपति साय, रोपना उरांव, बीना कुजूर, अष्टमी यादव, स्काउट गाइड, इको क्लब, रेडक्रॉस के प्रभारी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, वन विभाग के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मनोरा में नागरिकों ने किया पौधरोपण

**जशपुरनगर।** अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में मनोरा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा तथा पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला संयोजक नमन जैन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंकज कुमार जायसवाल (मंडल अध्यक्ष), हदीश अंसारी (जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा), रामदास यादव (मंडल महामंत्री), श्रीमती सुषमा सिंह (मंडल उपाध्यक्ष), भजूनंदन नायक (जिला उपाध्यक्ष अ.जा.), चंद्रशेखर स्वर्णकार (मीडिया प्रभारी), विकास प्रधान (अ.ज.जा. जिला उपाध्यक्ष), बासुदेव राम भगत (युवा मोर्चा अध्यक्ष), अरविन्द सिंह (महामंत्री भाजयुमो), चंदन सिंह, मिथलेश सिंह (प्रचार-प्रसार भाजयुमो), बाबूलाल सिंह (पूर्व मंडल अध्यक्ष), राजकेश्वर साय, आरती सिंह (महिला मोर्चा अध्यक्ष) तथा मंजर हुसैन (महामंत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा) सहित समस्त बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं बूथ पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने यह संकल्प लिया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे।



### पर्यटन स्थलों पर पुलिस पेट्रोलिंग होगी शुरू

# महिला सुरक्षा पर जीरो टालरेंस की नीति जारी रहेगीः प्रियंवदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में महिलाओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने शुक्रवार को एसएसपी एवं डीआईजी डॉ लाल उमेद सिंह से चर्चा की।

■ जूदेव ने एसएसपी डा. लाल उम्मेद सिंह से की चर्चा

चर्चा के दौरान प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में महिलाओं की सुरक्षा सबसे पहले है। इसलिए इस पर गंभीरता से काम करना आवश्यक है। उन्होनें कहा कि जल्द ही नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होने जा रही है। ऐसे में स्कूल व कालेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण देना आवश्यक है। इसमें पुलिस प्रशासन की भूमिका सबसे अहम है। प्रियवंदा सिंह जूदेव ने छात्राओं को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल और कालेज स्तर पर जागरूकता शिविर ⏭ शेष पेज 4 पर



**पर्यटन स्थलों पर पुलिस पेट्रोलिंगः** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा पर भी बैठक में चर्चा हुई। एसएसपी डॉ सिंह ने प्रियंवदा सिंह जूदेव को बताया कि पुलिस प्रशासन ने शहर के आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पुलिस जांच बेरियर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां आने वाले सभी पर्यटकों का रिकार्ड दर्ज किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा संबंधी निर्देशों का बोर्ड लगाया जाएगा। ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो सके। इस पर प्रियंवदा सिंह जूदेव ने एसएसपी को पर्यटन स्थलों पर पुलिस टीम की पेट्रोलिंग व्यवस्था करने का सुझाव दिया। इस पर एसएसपी ने सहमति जताई।

### जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन

प्रियंवदा सिंह जूदेव ने कहा कि महिला सुरक्षा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के अनुसार .जीरो टालरेंस की नीति जारी रहेगी। महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात सुरक्षा को लेकर अपील

बैठक के दौरान प्रियंवदा सिंह जूदेव ने जिलेवासियों से दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट और चार पहिया वाहन के प्रयोग के दौरान सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। उन्होनें कहा कि जिले में पुलिस प्रशासन सुरक्षित यातायात अभियान चला रही है। इसका लक्ष्य वाहन चालकों की सुरक्षा के साथ उनके परिवारों को भी सुरक्षित रखना है। सड़क में होने वाली जनहानि से व्यक्ति के साथ उसका पूरा परिवार,समाज और देश प्रभावित होता है। हमारी एक छोटी सी सावधानी सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को कम कर सकती है।

# केसीसी खातों से अधिक खाद निकासी का आरोप

**जशपुरनगर।** जिले के गांझियाडीह धान खरीदी केंद्र से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने केंद्र के पूर्व प्रभारी कमल यादव पर किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) खातों का दुरुपयोग कर किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि उन्हें आवश्यकता से अधिक खाद उनके खातों से निकाली गई, जिसकी जानकारी उन्हें काफी समय बाद मिली।

■ किसानों ने पूर्व फड़ प्रभारी के खिलाफ खोला मोर्चा

किसानों के अनुसार, जब उन्होंने सीजन में धान बेचा तो राशि कटौती हुई और जब मंडी में खाद वितरण का मिलान कराया, तब पता चला कि उनके खातों से वास्तविक आवश्यकता बोरी से अधिक संख्या में खाद बोरी जारी दर्शाई गई है। किसानों का आरोप है कि यह कार्य उनकी जानकारी और सहमति के बिना किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि किसानों के नाम पर निकाली गई अतिरिक्त खाद का भंडारण कर बाद में खाद की कमी और बढ़ती मांग के दौरान ऊंचे दामों पर बिक्री की गई। किसानों का दावा है कि कुछ मामलों में मामले को लेकर प्रभावित किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) फरसाबहार को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में किसानों ने मांग की है कि उनके ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### दुकानों में डिब्बों में पेट्रोल-डीजल बिक्री करने पर प्रशासन सख्त, की गई जांच

**शंकरगढ़।** दुकानों में डिब्बा में पेट्रोल-डीजल की बिक्री करने पर आज एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में तहसीलदार दानिश परवेज एवं खाद्य निरीक्षक जयपाल सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पांच व्यक्तियों के पास डिब्बा में पेट्रोल एवं डीजल पाया गया। अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए उन्हें नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। एसडीएम अनमोल टोप्पो ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पूरी तरह अवैध है तथा ऐसे मामलों को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी क्षेत्र में लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा और अवैध भंडारण या बिक्री करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से पेट्रोल एवं डीजल की खरीद केवल अधिकृत पेट्रोल पंपों से करें तथा कालाबाजारी या अवैध बिक्री की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की बात कही।

### एसडीएम कार्यालय में निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक



**शंकरगढ़।** खरीफ सीजन को देखते हुए अनुविभागीय कार्यालय में अनुभाग के समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से डीएपी उर्वरक की उपलब्धता एवं उसकी वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों द्वारा निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में 20:20:0:13 एवं टीएसपी उर्वरक के उपयोग के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों को उर्वरकों की कमी का सामना न करना पड़े तथा फसल उत्पादन प्रभावित न हो। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो ने की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए किसानों को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार दानिश परवेज, विकासखंड उर्वरक निरीक्षक उमाकांत सिंह सहित शंकरगढ़ अनुभाग के समस्त निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

### छत का मरम्मत कर रहा शिक्षक गिरा नीचे, मौत

**अम्बिकापुर।** कमकान के छत का मरम्मत कर रहा शिक्षक अल्बेस्टर शीट टूट जाने से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कुनकुरी अंतर्गत ग्राम कुटगांव निवासी थामस पन्ना आ. स्व. सिमोन (55 वर्ष) ग्राम लैलूंगा में शिक्षक के पद पर पदस्थ था। 3 जून को अपने मूल निवासी कुटपारा आया और मकान के छत का मरम्मत करने अल्बेस्टर शीट पर चढ़कर काम कर रहा था।

### पुलिया के बेस निर्माण में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

# गुणवत्ताहीन पुलिया निर्माण कार्य पर ग्रामीणों में भारी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी तथा लंबे समय से की जा रही मांग पर ग्राम पंचायत दवनकरा के पटेलपारा में पुलिया निर्माण स्वीकृत हुई। हैरानी की बात यह है कि 19 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया गया। निर्माण कार्य में न सिर्फ लापरवाही बरती गई बल्कि गुणवत्ता को दरकिनार कर कार्य किया जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य को देख ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त पुलिया निर्माण की मांग की है।

**खास बात**

- दवनकरा पटेलपारा में 19 लाख की लागत से कराया जा रहा निर्माण

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत नरेगा के तहत ग्राम पंचायत दवनकरा के पटेलपारा मे 19 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जिससे पुलिया की मजबूती और टिकाऊ पर भी सवाल उठने लगे है। स्थानीय लोगों के अनुसार सरपंच-सचिव सहित जनपद के अधिकारियों की मिलीभगत की मनमानी के चलते निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि लागत बचाने के उद्देश्य से पुलिया के बेस निर्माण में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण इसकी नींव कमजोर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आगामी बरसात की पहली तेज बारिश में ही पुलिया को नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पुलिया निर्माण कार्य की निगरानी नहीं होने के कारण ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में मानक के विपरीत कार्य पूरी तरह से राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिया निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी लेकिन जिस तरह से पुलिया का निर्माण किया जा रहा है उससे पुलिया के कुछ साल के भीतर जर्जर होने की संभावना काफी बढ़ गई है। घटिया पुलिया निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों ने गुणवत्तापूर्ण पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की है।



गुणवत्ताहिन निर्माणाधीन पुलिया।

**ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग**

गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि कमजोर बेस, अधूरा निर्माण और गुणवत्ता की जांच में यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### टिकाऊ नहीं पुलिया

ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से पुलिया निर्माण किया जा रहा है उससे पुलिया टिकाऊ नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि नींव ही कमजोर होगी तो पुलिया कितना टिकाऊ होगा यह आसानी से समझा जा सकता है।नींव के निर्माण में ही लापरवाही बरती जा रही है और जब बेस कमजोर होगा और पुलिया में थोड़ी भी दरारे आई तो कुछ साल के भीतर ही पुलिया जर्जर हो सकती है।

### कई बार मिल चुकी है शिकायत

पुलिया निर्माण की शिकायत कई बार मिल चुका है। मामले को लेकर जांच दल गठित की जाएगी। अनियमितता और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल तिवारी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतापपुर

## प्रेमी प्रेमिका ने एक साथ बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

ग्राम सरगवां बेलपतरा पारा में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के लोगों ने आंगनबाड़ी के समीप बबूल पेड़ में युवक एवं युवती का शव फांसी में लटका देखा। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पंचायत सरगांव में 3 मई को तड़के करीब 3 बजे युवक युवती प्रेमी जोड़ी ने दुप्पटा के सहारे गांव के नंदी किनारे खेत में बबूल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए। मृतक किशन दास (23 वर्ष) ग्राम पंचायत सरगवां वही मृतिका अंजलि दास (20 वर्ष) ग्राम पंचायत रघुनाथपुर थाना प्रेमनगर निवासी थी। दोनों का लम्बे समय से प्रेम संबंध था और दोनों एक ही जाति के थे जो आपस में शादी करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिवार के लोग शादी के लिए राजी नहीं थे। मृतक युवक की प्रेमिका उसकी बहन की ननद थी। लगभग दो माह से मृतक अपने बहन के घर रघुनाथपुर में रहकर काम करता था। घटना के दिन की मृतक अपने बहन के घर से अपने घर सरगवा आया हुआ था लेकिन मृतिका भी रात में अचानक प्रेमनगर रघुनाथपुर से कब प्रेमी के पास पहुंची इसका भनक घर वालों को नहीं लगा। रात में घर से दूर नदी किनारे खेत के समीप बबूल के पेड़ में दोनों दुप्पटा के के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अभी तक घटना के संबंध में कोई सुसाइड नोट नही मिला है और न ही ठोस वास्तविक कारण का पता नहीं चल सका है। सुबह गांव वाले पेड़ पर लटके शवों को पहचान कर परिजन को सूचना दी। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच पंचनामा पश्चात शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजन के सुपुर्द किया है।

- युवक का बहन के ननद से था प्रेम संबंध, करना चाहते थे शादी

## बस स्टैंड के व्यापारियों ने सीएमओ पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बस स्टैंड के समीप आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान बस स्टैंड राजपुर के व्यापारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में व्यापारियों ने आरोप लगाया गया है कि बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षों से ठेला एवं छोटी दुकान लगाकर जीविकोपार्जन कर रहे व्यापारियों के साथ सीएमओ द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा उन्हें दुकान हटाने की धमकी दी जाती है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उनके साथ गाली-गलौज भी की गई, जिससे वे आहत हैं। व्यापारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 5 जून से बस स्टैंड के व्यापारी अनिश्चितकालीन दुकान बंद आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद विश्वास गुप्ता सहित अंकुर सोनी, अशोक कश्यप, मुन्ना गुप्ता, सचिन सोनी तथा अन्य उपस्थित रहे।

इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ रविंद्र लाल ने बताया कि व्यापारियों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। बस स्टैंड में वाहनों की आवाजाही से दिक्कत हो रही थी जिसके मद्देनजर कुछ व्यवसायी को सड़क किनारे से हटाया गया है एवं दुकानों में अतिक्रमण को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि शासन का निर्देश है कि प्रत्येक दुकानों के सामने डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखना है जिसके लिए जगह बनाया जा रहा है।

- अतिक्रमण हटाया गया आरोप निराधार : सीएमओ

## बिलाईगढ़ का अधूरा गौरव पथ, राहगीरों की मुसीबत

**बिलाईगढ़।** नगर के बंगलाभाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन गौरव पथ सड़क लंबे समय से अधूरी पड़ी हुई है। यह सड़क केवल एक सामान्य मार्ग नहीं, बल्कि तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय तथा कॉलेज जाने वाले सैकड़ों छात्र छात्राओं के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है।



इसके बावजूद निर्माण कार्य की अधूरी स्थिति ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। पिछले 2 साल से कार्य अधर में लटका है। गर्मी के दिनों में राहगीरों एवं व्यापारी धूल डस्ट से परेशान रहे और अब कुछ ही दिन बाद बरसात आने वाली है बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा है, वहीं गर्मी के मौसम में उड़ती धूल राहगीरों और आसपास के व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। सड़क की आधे अधूरे स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य आखिर अब तक पूरा क्यों नहीं हो पायाघ जब यह मार्ग सीधे प्रशासनिक कार्यालयों तक पहुंचता है।

## मृत वृद्ध के अंगूठा में स्याही देख नाती पहुंचा थाने, की पुलिस से शिकायत

**अम्बिकापुर।** सोनपुर में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब मृत वृद्ध के अंगूठा में स्याही लगा था। इधर मृतक के अंगूठा में स्याही देख नाती थाने पहुंच गया और जमीन जगह किसी के द्वारा लिखवाने की आशंका पर शिकायत की। हालांकि पुलिस के पूछताछ में पता चला की मृतक की वृद्ध पत्नी ने ही सादे कागज में मृत वृद्ध पति का अंगूठा का का निशान ली थी। पुलिस के मुताबिक ग्राम सोनपुर निवासी चेतन आ. स्व. फूलो (85 वर्ष) गांव में अलग वृद्ध पत्नी साथ में रहता था। वृद्ध कई दिनों से बीमार था। इसी बीच सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी लगने पर पोता शिव कुमार घर आया और दादा के अंगूठा में स्याही लगा देख किसी व्यक्ति द्वारा स्टाम्प या फिर सादे कागज में अंगूठा का निशान लेकर चले जाने की आशंका जताई। साथ ही घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। इधर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की तो पत्नी ने बताया कि उसने सादे कागज में पति के अंगूठा का निशान लिया है जिससे उसके बेटा और पोता उसकी देखभाल कर कर सके जिसके बाद पुलिस वापस लौट गई।

## लाल किला मैदान में जुटे समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




समागम में उपस्थित केन्द्रीय गृहमंत्री व अन्य।

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 24 मई को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में आयोजित जनजाति समागम 2026 जनजातीय संस्कृति, परंपरा, आस्था और अस्मिता का विराट राष्ट्रीय प्रतीक बनकर सामने आया। देशभर के 500 से अधिक जनजातीय समुदायों से आए लाखों जनजातीय बंधु-भगिनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, लोकनृत्य, वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ इस समागम में सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग से भी लगभग 5000 जनजातीय समाज के लोग इस ऐतिहासिक समागम में शामिल हुए। अंबिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, रायगढ़, कोरबा एवं जशपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के प्रतिनिधि, युवा, मातृशक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता अपनी पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक पहचान के साथ दिल्ली पहुंचे। के माध्यम से भारत की जनजातीय विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने जनजातीय समाज की आस्था, संस्कृति, प्रकृति-पूजा, जल-जंगल-जमीन और जीवन-पद्धति को भारत की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा कि यह समागम आने वाले वर्षों में जनजातीय समाज के महाकुंभ के रूप में स्मरण किया जाएगा। जनजातीय समाज ने बिना लिखित नियमों के अनेकता में एकता और "एकता में अनेकता" के मंत्र को जीवन में साकार किया है। समागम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जनजातीय समाज केवल प्रकृति का रक्षक नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्राचीन और जीवंत स्वरूप है। सदियों से जनजातीय समाज जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते हुए प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने का मार्ग दिखाता रहा है। आज जब विश्व पर्यावरण संकट से जूझ रहा है, तब जनजातीय जीवन-दर्शन टिकाऊ विकास का प्रेरक मॉडल प्रस्तुत करता है। जनजाति सुरक्षा मंच के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह समागम केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि 75 वर्षों से लंबित उस न्यायपूर्ण माँग की राष्ट्रीय पुनर्पुष्टि है, जिसकी प्रतीक्षा आज भी देश का समस्त जनजातीय समाज कर रहा है। मंच ने कहा कि जनजातीय पहचान केवल संवैधानिक सूची का विषय नहीं, बल्कि पारंपरिक आस्था, संस्कृति, रीति-रिवाजों, सामाजिक परंपराओं और सामुदायिक जीवन-पद्धति से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। मंच ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति अपनी पारंपरिक जनजातीय आस्था, संस्कृति, रीति-रिवाजों और सामाजिक आचारों का परित्याग कर देता है, उसे अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक दर्जा और उससे जुड़े लाभ प्राप्त नहीं होने चाहिए। मंच के अनुसार, आस्था का त्याग संस्कृति का त्याग है, और संस्कृति का त्याग पहचान का त्याग है।

## किसानों के लिए 24 हजार मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण

हरिभूमि न्यूज : रायगढ़

खरीफ सीजन में किसानों को समय पर कृषि आदान उपलब्ध कराने, उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा प्रत्येक कृषक तक समान रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में सतत निगरानी और सुव्यवस्थित वितरण व्यवस्था लागू की गई है।

वर्तमान में जिले में 24 हजार एमटी उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जिससे किसानों की मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित खाद वितरण सीमा का उद्देश्य किसी भी किसान को खाद से वंचित करना नहीं को भी समान रूप से उर्वरक उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था उर्वरकों है, बल्कि जिले के अंतिम छोर तक बसे किसानों के संतुलित वितरण और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लागू की गई है। कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक, निगरानी दल और मैदानी अमले प्रतिदिन सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। किसानों को उनके खेती के रकबे के अनुसार नियमानुसार उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। किसी भी विक्रय केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। आगे भी जिले के सभी उर्वरक विक्रय केंद्रों की निगरानी लगातार जारी रहेगी ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के आवश्यक उर्वरक उपलब्ध हो सकें। कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से हरी खाद उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।



### बीज भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था

जिले की सहकारी समितियों में खाद एवं बीज भंडारण के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कृषि विभाग ने बताया है कि गोदामों में खाद और बीज के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है तथा किसी भी समिति में भंडारण क्षमता की कमी नहीं है। बीजों का सुरक्षित रख-रखाव और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता तथा मजबूत निगरानी व्यवस्था के कारण किसानों को खरीफ सीजन के लिए आवश्यक कृषि आदान आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।

### मौके पर किया गया कुछ आवेदनों का निराकरण

# सुशासन तिहार शिविर में मिले 67 आवेदन, विधायक ने योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

**राजपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर के सब्जी मार्केट परिसर के समीप किया गया। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्डों के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 9 शिकायत संबंधी तथा 58 मांग संबंधी आवेदन शामिल रहे। राजस्व विभाग को 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सीमांकन के 5 प्रकरण लंबित बताए गए।



हितग्राहियों को चेक देतीं विधायक व अन्य।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक ने दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पूजन सामग्री एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की। शिविर में प्रधानमंत्री आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड एवं श्रम विभाग की ओर से सहायता राशि प्रदान किया गया। विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मई और जून माह में किसानों एवं ग्रामीणों को अपेक्षाकृत समय मिलने के कारण इस अवधि में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। विधायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य से लोगों को हो रही असुविधा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ परेशानियां स्वाभाविक हैं, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

शिविर के दौरान सब्जी एवं अन्य छोटे व्यवसाय करने वाले व्यापारियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर सब्जी बाजार के लिए स्थायी भवन निर्माण की मांग की। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन सीमांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने आश्वस्त किया कि 10 दिनों के भीतर सीमांकन कराकर भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले नालियों की सफाई, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल,शिवनाथ जायसवाल, महेंद्र गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, प्रशांत सिंह, राजेश यादव, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार कावेरी मुखर्जी, नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर, सीएमओ रविंद्र लाल, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, रेंजर अजय वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं


कुसमी। सुशासन तिहार शिविर ग्राम पंचायत कंजिया में आयोजित की गई। शिविर में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने समस्त विभाग की समीक्षा करते हुए दूर दूर से आए हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी।सुशासन तिहार कार्यक्रम की शुरुआत में सामरी विधायक द्वारा विभाग द्वारा लगाए गए सभी स्टाल के सभी विभाग की समीक्षा की गई। शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा बारी बारी से अपनी अपनी विभाग में ग्रामीण द्वारा दिए गए आवेदन सहित आवेदन का निराकरण करते हुए अपने अपने विभाग के बारे में सभी प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। सुशासन तिहार शिविर में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार एवं राज्य की भाजपा सरकार की विभिन्न प्रकार से चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही प्रधान मंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, सहित अन्य प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उससे लाभ लेने की बात कही गई। सुशासन तिहार शिविर में ज्यादातर प्रधान मंत्री आवास, पेयजल की व्यवस्था की मांग सहित नया राशन कार्ड बनाने की मांग ग्रामीण द्वारा की गई। सुशासन तिहार में 16 ग्राम पंचायत के सरपंच , सचिव, सहित ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। विधायक ने ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच को निर्देशित करते हुए कहा गया कि आगामी 5 जून को होने वाले सभी ग्राम सभा की जानकारी सभी ग्रामीणों को दी जाए। इस दौरान एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय,जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, शशि टोप्पो, बिनोद गुप्ता, राकेश भारती, अर्जुन यादव, इंद्रदेव निकुंज, देव साय भगत, विनय यादव, सीजे प्रजापति, लक्ष्मण पैकरा, विवेक सिंह, दुर्गेश गुप्ता,बालों बाई, भगवती सोनवानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# बजट बताना सिर्फ पब्लिसिटी का एक तरीका है : मनोज

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण और महेश बाबू की वाराणसी जैसी बड़ी फिल्मों की काफी चर्चा है। लोग इन फिल्मों की कहानी से ज्यादा इनके करोड़ों रुपये के बजट को लेकर बातें कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इस बात पर नाराजगी जताई है और दर्शकों को समझाया है कि उन्हें फिल्म की कमाई या बजट से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। मनोज बाजपेयी से जब पूछा गया कि 'रामायण' और 'वाराणसी' जैसी फिल्मों के मेकर्स उनके भारी-भरकम बजट का इतना प्रचार क्यों कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सब पब्लिसिटी स्टंट का एक जरिया है। पिछले 15 साल से फिल्मों को हिट दिखाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है।

लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी की रिलीज से पहले पहुंचीं तिरुमला

जान्हवी कपूर 'पेद्दी' की रिलीज से पहले तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां वह नंगे पैर सीढ़ियां चढ़ते नजर आईं। यहां से बाहर निकल कर उन्होंने अपने फैंस से बात की है। जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चा में हैं। बुधवार को इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई है, जिस पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चार जून को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इससे पहले जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो वायरल हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर नंगे पैर तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। यहां उन्होंने माथा टेका है। इसके बाद माथे पर तिलक लगाया है। मंदिर से बाहर निकल कर वह सड़क पर भी नंगे पैर चलते दिखीं। इस बीच कई दूसरी महिलाएं भी उनके साथ थीं। कई फैंस ने उनके साथ बात की। एक दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि जान्हवी कपूर मंदिर की सीढ़ियों पर बैठी हैं। वह फोन पर किसी से बात कर रही हैं। इस बीच उनका एक साथी उन्हें कुछ देता है। एक और वीडियो में जान्हवी कपूर तिरुमला मंदिर के बाहर नजर आईं। इसमें वह साड़ी पहने हुए हैं। माना जा रहा है कि जान्हवी दोबारा तिरुमला मंदिर पहुंची हैं। आपको बता दें कि राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'पेद्दी' की स्पेशल स्क्रीनिंग में राम चरण की पत्नी उपासना कोनिडेला पहुंची। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि उपासना कोनिडेला अपनी सीट पर बैठी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# पीबो को मिले थे दो ग्रेमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी के कई क्लासिक गानों को आवाज देने वाले सिंगर पीबो ब्रायसन का निधन हो गया है। इस दिग्गज सिंगर ने ब्यूटी एंड द बीस्ट, अ होल न्यू वर्ल्ड जैसे कई गाने गाए थे। इस सिंगर को 1992 और 1993 में दो ग्रैमी अवॉर्ड मिले थे। वैरायटी के अनुसार पीबो के परिवार ने एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 'सिंगर की 'असाधारण' आवाज ने पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक जिंदगी के कुछ सबसे यादगार पलों के लिए बैकग्राउंड म्यूजिक का काम किया। उनके म्यूजिक ने कई पीढ़ियों को खुशी के मौकों, प्रेम कहानियों और सुकून के पलों में साथ दिया।



# प्रियंका ने मर्लिन को दी श्रद्धांजलि, लिखा भावुक नोट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के 100वें जन्मदिन के मौके पर बॉलीवुड और हॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने उन्हें सोशल मीडिया पर याद किया है। प्रियंका ने मर्लिन मुनरो की लाल रंग की ड्रेस वाली एक खूबसूरत फोटो शेयर की और उनके लिए एक खास संदेश लिखा। प्रियंका ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मर्लिन मुनरो को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आज वह 100 साल की हो गई होतीं।' इसके साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए। प्रियंका की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है और दुनिया भर के फैंस इसे पसंद कर रहे हैं। मर्लिन मुनरो का असली नाम 'नॉर्म जीन मौरटेंसन' था। उनका जन्म 1 जून, 1926 को लॉस एंजिल्स (अमेरिका) में हुआ था। वह हॉलीवुड इतिहास की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# एक पप्पी के रोने से इतना बवाल मचा दिया


**मुंबई।** अभिनेत्री नुसरत भरूचा उस समय अचानक सुर्खियों में आ गईं, जब विराट कोहली की आरसीबी के आईपीएल जीतते ही उन्होंने एक स्टोरी साझा की। उनकी ये इंस्टाग्राम स्टोरी देखते-देखते ही वायरल हो गई। स्टोरी में दिख जरूर आरसीबी की जीत रही थी, लेकिन पीछे आ रही आवाजों ने सुर्खियां बटोरीं और स्टोरी को वायरल कर दिया। इसके बाद इस पर नुसरत को लेकर तरह-तरह के रिएक्शन आने लगे। अब नुसरत भरूचा ने इस वायरल स्टोरी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है और पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने लिखा, 'फिर से पोस्ट कर रही हूं, क्योंकि मैं जानना चाहती हूं कि मेरे पप्पी (छोटे कुत्ते) की आवाजों से क्या दिक्कत है और क्यों इतना बवाल मचा है। कुछ लोगों ने हद ही कर दी है। एक पप्पी के रोने की आवाज से इतना बवाल मचा दिया।



# कॉकटेल-2 ने रिलीज से पहले की कमाई

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक फिल्म 'कॉकटेल 2' इस महीने की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के निर्देशक होमी अदजानिया हैं। यह साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। हाल ही में मुंबई में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने बजट का 50 प्रतिशत रुपया वसूल कर लिया है। 'कॉकटेल 2' बॉलीवुड की अब तक की सबसे महंगी रोमांटिक फिल्मों में से एक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'कॉकटेल 2' का कुल बजट लगभग 150 करोड़ रुपए है। फिल्म को बनाने का खर्च 95 करोड़ रुपए है। शाहिद, कृति और रश्मिका की फीस मिलाकर लगभग 35 करोड़ है।

टीवी मसाला



# शिल्पा की हरकत पर भड़कीं हिना, 'ये सरासर शर्मनाक'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' के नाम से मशहूर हुईं शिल्पा शिंदे ने हाल ही एक पॉडकास्ट में खुलासा किया था कि उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर पर यौन उत्पीड़न के जो आरोप लगाए थे, वो झूठे थे। शिल्पा के इस खुलासे से सभी सन्न रह गए और एक्ट्रेस की गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। सोशल मीडिया पर यूजर्स शिल्पा शिंदे पर जमकर गुस्सा निकाल रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस हिना खान का भी इस मामले पर रिएक्शन आया है। उन्होंने शिल्पा शिंदे के आरोपों को 'शर्मनाक' बताया और साथ ही कहा कि इस मामले में असली पीड़ित तो 'भाबीजी घर पर हैं!' के प्रोड्यूसर संजय कोहली हैं। हिना खान ने शिल्पा शिंदे को लताड़ लगाते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लंबा-चौड़ा नोट लिखा। इसमें उन्होंने निजी फायदे के लिए यौन उत्पीड़न के आरोपों के कथित दुरुपयोग की निंदा की। हिना खान ने लिखा, 'मैं आमतौर पर किसी दूसरे के बारे में बात नहीं करती। किसी और के मामले में न तो दखल देती हूं ना रिएक्ट करती हूं।। मैं तभी बोलती हूं, जब कुछ बहुत ही सेंसिटिव मुद्दा होता है, या फिर कुछ ऐसा होता है जो सामाजिक तौर पर, खासकर महिलाओं को प्रभावित करता है। किसी विवाद में जीत हासिल करने के लिए किसी की छवि खराब करने के लिए अपने जेंडर का इस्तेमाल करना सरासर शर्मनाक है।' हिना ने आगे लिखा, 'मुझे कितना तगड़ा झटका लगा है, बता नहीं सकती, पर असल पीड़ित कौन है, उसके बारे में मैं यहां बात करना चाहती हूं। और वो है एक सम्मानित व्यक्ति, जिसकी पत्नी, बेटी और परिवार में कई अन्य महिलाएं हैं।

## जुड़वा बच्चों की मां बनीं संभावना

**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस संभावना सेठ और उनके पति अविनाश द्विवेदी के घर शादी के 10 साल बाद आखिरकार बच्चों की किलकारी



गूंज उठी है। 45 साल की उम्र में संभावना सरोगेसी के जरिए जुड़वा बच्चों (एक बेटा और एक बेटी) की मां बनी हैं। संभावना ने इंस्टाग्राम पर बच्चों के जन्म की खुशी फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने बेहद भावुक होकर लिखा, 'इस साल हमारे घर महा-दिवाली वक्त से पहले ही आ गई है। हमारे घर साक्षात लक्ष्मी और गणेश आ गए हैं। हमारा दिल खुशियों से भर गया है। हर हर महादेव।' संभावना ने अस्पताल से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अपने जुड़वा बच्चों को देखकर फूट-फूटकर रोती नजर आ रही हैं।


# बॉक्स ऑफिस पर ऑब्सेशन का जलवा बरकरार

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में बॉलीवुड के साथ कई साउथ की फिल्में लगी हैं। इन सभी फिल्मों पर हॉलीवुड फिल्म 'ऑब्सेशन' भारी पड़ रही है। भारत में दर्शक इसे प्यार दे रहे हैं। द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो, चांद मेरा दिल और पति पत्नी और वो दो के कलेक्शन में काफी गिरावट आई है। वहीं, दृश्यम 3 और करुप्पु ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी बनाए रखी है।

**ऑब्सेशन** : फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बुधवार को इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.90 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने तीन करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। छह दिनों में इस फिल्म का कुल कलेक्शन 15.65 करोड़ रुपए हो गया है। भारत में यह फिल्म 29 मई को रिलीज हुई थी। दुनियाभर में यह 15 मई को रिलीज हुई थी।

**द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो** : फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो की रफ्तार बॉक्स ऑफिस पर और धीमी हो गई है। बुधवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर 10 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने सिर्फ 16 लाख रुपए कमाए थे। छह दिनों में इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.65 करोड़ रुपए हो गया है। बच्चों पर आधारित इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, हालांकि यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।

**चांद मेरा दिल** : लक्ष्य और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' का कलेक्शन भी काफी घट गया है। दूसरे बुधवार को इसने 90 लाख रुपए का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 27.20 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म 22 मई को रिलीज हुई थी।





**दृश्यम 3** : मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दूसरे वीकएंड के बाद इसके कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली। दूसरे बुधवार को इसने 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.55 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 101.70 करोड़ रुपए हो गया है।

**करुप्पु** : साउथ के स्टार सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' की कमाई तीसरे वीकएंड के बाद घटी है। तीसरे बुधवार को इसने 1.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 2.35 करोड़ रुपये कमाए थे। 20 दिनों में फिल्म का टोटल कलेक्शन 188.84 करोड़ रुपए हो गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज हुई थी।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। तीसरे बुधवार को इसने 66 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल कलेक्शन 49.41 करोड़ रुपए हो गया है।

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज हो रही हैं रिलीज...

*नई दिल्ली। 5 जून का दिन आपके वीकेंड का मजा दोगुना कर देगा। दरअसल, शुक्रवार के दिन ओटीटी और सिनेमाघरों में एक या दो नहीं, बल्कि 12 फिल्में और सीरीज दस्तक दे रही हैं। करिश्मा कपूर के कमबैक से लेकर साउथ के मोहनलाल तक, बड़े बड़े स्टार्स आपका मनोरंजन करने आ रहे हैं।*

***गुल्लक सीजन 5*** : मिश्रा परिवार अपनी मीठी नोक-झोंक और 'गुल्लक' की नई कहानियों के साथ वापस आ रहा है। इस सीजन में अन्नू अपनी अलग दुनिया बसाता हुआ है और अमन नए पचड़ों में फंसता नजर आएगा। सबसे मजेदार ट्विस्ट ये है कि बिट्टू की मम्मी अचानक डिजिटल की दुनिया में फेमस होने वाली हैं। सोनी लिव पर रिलीज हो रही है।

***ब्राउन*** : बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर एक बेहद दमदार और डार्क रोल के साथ वापसी कर रही हैं। ये सीरीज अभीक बरुआ की बुक 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। जी5 पर रिलीज हो रही है।

***पेट्रियोट*** : साउथ सिनेमा के दो सबसे बड़े दिग्गज, ममूटी और मोहनलाल, इस पॉलिटिकल स्पाई थ्रिलर में एक साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं।



कहानी डॉ. डैनियल जेम्स (ममूटी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक टेक एक्सपर्ट हैं। जी5 पर रिलीज हो रही है।

***द पिरामिड स्कीम*** : रणवीर शौरी, शेखर सुमन और परमवीर सिंह चीमा की ये सीरीज है। हरिद्वार के एक दुकानदार गोल्डी और मान-सम्मान की तलाश में भटके मनोज को तरुण बजाज (शेखर सुमन) नाम का एक शातिर मेंटॉर मिलता है। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।


***टीच यू अ लेसन*** : फेमस वेबतून 'गेट स्कूल्ड' पर बनी ये एक हाई-एक्शन कोरियन ड्रामा है। कहानी एजुकेशनल राइट्स प्रोटेक्शन एजेंसी नाम की एक सरकारी टास्क फोर्स की है, जो स्कूलों में होने वाली हिंसा और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए कानून को अपने हाथ में लेती है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

***बंदर*** : हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए बड़े पर्दे पर फिल्म 'बंदर' रिलीज होने जा रही है। अपनी अनोखी कहानी और बेहतरीन टाइटल की वजह से ये फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही चर्चा में है। इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं।

## इंडस्ट्री के चर्चित और सफल फिल्ममेकर्स में होती थी पहलाज निहलानी की गिनती

# गोविंदा को बनाया सुपरस्टार, सेंसर बोर्ड के संस्कारी चीफ बन बटोरीं चर्चाएं

*मुंबई। निर्माता-निर्देशक और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी ने 76 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। पहलाज निहलानी के निधन से पूरी इंडस्ट्री शोक में है। पहलाज निहलानी की गिनती इंडस्ट्री के चर्चित और सफल फिल्ममेकर्स में होती थी। उन्होंने गोविंदा जैसे स्टार को लॉन्च किया, जबकि चंकी पांडे को भी इंडस्ट्री में लाने वाले पहलाज निहलानी ही थे।*



### हथकड़ी से की बतौर प्रोड्यूसर शुरुआत

10 जनवरी 1950 को जन्में पहलाज निहलानी को बचपन से ही सिनेमा के प्रति गहरी रुचि और लगाव था। यही कारण है कि वो मुंबई की चकाचौंध की ओर खिंचे चले आए। उन्होंने फिल्म निर्माण की बारीकियों को जमीन से जुड़कर सीखा। 1970 के दशक के अंत 1980 के दशक की शुरुआत में जब हिंदी सिनेमा रोमांटिक फिल्मों से हटकर एक्शन और ड्रामा की तरफ बढ़ रहा था, तब उन्होंने बतौर स्वतंत्र निर्माता कदम रखा। वह ऐसा सिनेमा बनाना चाहते थे जो भारत के आम आदमी, रिक्शेवाले और फ्रंट-रो दर्शकों को पसंद आए। पहलाज निहलानी ने साल 1982 में फिल्म 'हथकड़ी'से बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत की। फिर 1985 में दूसरी फिल्म आंधी-तूफान का निर्माण किया। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं।

### कई बड़े स्टार्स के साथ किया काम

पहलाज निहलानी ने अपने कॅरियर में कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया और फिल्में बनाईं। इनमें धर्मेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, मिथुन चक्रवर्ती और दिव्या भारती जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में दर्जनों मसाला और फैमिली एंटरटेनर फिल्मों का निर्माण किया।

### शोला और शबनम जैसी सफल फिल्म दी

हालांकि, पहलाज को गोविंदा का चेहरा पसंद नहीं आया, लेकिन डांस और एक्शन से प्रभावित होकर उन्होंने गोविंदा को हां कह दिया। इस तरह से फिल्म इल्जाम से गोविंदा ने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और गोविंदा रातों-रात डांसिंग और एक्टिंग आइकन बन गए। इसके बाद उन्होंने गोविंदा के साथ शोला और शबनम (1992) और आंखें (1993) जैसी सफल फिल्में दीं।

### गोविंदा को किया लॉन्च

गोविंदा को इंडस्ट्री में लॉन्च करने वाले और उन्हें सुपरस्टार बनाने वाले पहलाज निहलानी ही थे। पहलाज निहलानी ने साल 1986 में फिल्म इल्जाम से गोविंदा को इंडस्ट्री में लॉन्च किया। हालांकि, पहलाज को गोविंदा की शक्ल पसंद नहीं आई थी, लेकिन उनके डांस मूव्स और एक्शन ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने गोविंदा को लीड एक्टर के तौर पर लॉन्च कर दिया। एक पुराने इंटरव्यू में पहलाज निहलानी ने बताया था कि वो आंधी तूफान के बाद मैं मिथुन चक्रवर्ती और शत्रुघ्न के साथ एक फिल्म बनाना चाहता था। लेकिन, उन दोनों की डेट्स नहीं मिल सकीं। तभी मेरे पास गोविंदा आए। लेकिन उनके फोटोग्राफ्स मुझे पसंद नहीं आए। अगले दिन गोविंदा वीडियो कैसेट लेकर पहुंचे, जिनमें उनके डांस मूव्स थे।

### संवेदनशील डायलॉग्स पर चलाई कैंची

पहलाज निहलानी 2015 से 2017 तक सीबीएफसी के अध्यक्ष रहे। इस दौरान वो अपने कई फैसलों को लेकर चर्चाओं में रहें। उन्होंने फिल्मों में गालियों, धूम्रपान के सीन, अश्लीलता और राजनीतिक रूप से संवेदनशील डायलॉग्स पर पूरी तरह से कैंची चलाना शुरू कर दिया। उनके इस सख्त और पारंपरिक रवैये के कारण उन्हें 'संस्कारी' चेयरमैन का नाम दिया। उन्होंने शाहिद कपूर की 'उड़ता पंजाब' में कथित तौर पर 69 कट लगाने के लिए कहा था, जो काफी चर्चा में रहा था। फिल्म निर्माताओं के लगातार बढ़ते विरोध और इंडस्ट्री के भीतर बढ़ते असंतोष के बाद अगस्त 2017 में सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया।

## खबर संक्षेप

### डीजल माफिया से मिले कनेक्शन, 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**कोरबा।** जिले में डीजल चोरी के बड़े नेटवर्क की जांच के दौरान जो खुलासे सामने आए हैं, उसमें पुलिस कर्मियों की संलिप्तता सामने आने पर एसपी ने तत्काल एक्शन लेते हुए जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ दो प्रधान आरक्षक व दो आरक्षकों को सस्पेंड किया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से महकमें हड़कंप मचा हुआ है। जिले में अपराध और अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। ताकि इस पर विराम लगाया जा सके। पिछले दिनों दीपका पुलिस ने डीजल चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़कर एक बड़े गिरोह का खुलासा किया था। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को सूचना मिली थी कि कुछ पुलिस कर्मियों की डीजल चोरों से सांठगांठ है।

### खाई में मिली युवक की लाश हत्या फिर हादसा

**कोरबा।** एक 17 साल का युवक चार दिनों पूर्व मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से निकला था। जिसकी खोज की जा रही थी। इस बीच उसकी लाश टाइगर पॉइंट पर खाई में युवक की लाश और उसकी मोटरसाइकिल मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि युवक की मौत हादसा है या फिर कुछ और। जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुभाष ब्लॉक निवासी नवनीत सिंह पिता कामेन्द्र सिंह 17 वर्ष 1 जून को अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था। जो देर रात तक घर नहीं लौटा था। बताया जाता है कि टाइगर पॉइंट की ओर घूमने गए कुछ लोगों की नजर जब पहाड़ी से नीचे पड़ी तो उन्होंने तत्काल पास में जाकर देखा तो एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद बालको पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच की है।

### दो दुकानों के छप्पर तोड़कर घुसे चोर, सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर शॉपिंग सेंटर के दो दुकानों में बीती रात छप्पर तोड़कर चोरी करने की घटना सामने आई है। जहां पुलिस ने दोनों ही मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी की पहली घटना शॉपिंग सेंटर के बिजली दुकान में हुई, जहां चोर दुकान के छत की सीट को हटाकर नीचे उतर गए और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन काट दिया। हालांकि दुकान संचालक की सूझबूझ की वजह से चोरों के हाथ डीवीआर नहीं लगा। जिसकी वजह से चोरों के दुकान में घुसने और सीसीटीवी कैमरे के वायर काटने की घटना कैद हो गई। दुकान संचालक मनोज सिंह ने घटना की सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई। वहीं दूसरी ओर शॉपिंग सेंटर के सामने बने सौरभ अग्रवाल के डेयरी की दुकान में चोरी हुई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### महिला सुरक्षा पर ...

आयोजित करने का सुझाव दिया। **जागरूकता अभियान का शुभारंभ -** एसएसपी डॉ सिंह ने सुझाव पर सहमति जताते हुए कहा कि इस जागरूकता अभियान का शुभारंभ जिला स्तरीय कार्यक्रम से होगा। इसके बाद यह स्कूल और कालेज स्तर पर सतत चलता रहेगा। इस कार्यशाला में छात्राओं को आपात स्थिति से निबटने के लिए सहायता प्राप्त करने के लिए किये गए व्यवस्था से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ यातायत नियम,हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

### केसीसी खातों से ...

खातों से अतिरिक्त रूप से निकाली गई खाद की राशि की भरपाई कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

---

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, कौशल्या साय हुईं शामिल

# आरआरआर लुड़ेग बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्व. ओम प्रकाश साय की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन ग्रामीण एवं ओपन नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता बंदरचुवा का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में 16 ग्रामीण एवं 16 ओपन टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आरआरआर लुड़ेग और डोडकाचौरा, जशपुर के मध्य खेला गया।

- विजेता एवं उपविजेता टीमों को किया सम्मानित

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरआरआर लुड़ेग की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 132 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रवि दास ने मात्र 18 गेंदों में 53 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 133 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डोडकाचौरा, जशपुर की टीम 89 रन ही बना सकी। इस प्रकार आरआरआर लुड़ेग ने 49 रनों से शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की विजेता बनने का गौरव हासिल किया।



समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की।विजेता टीम लुड़ेग को प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये एवं ट्रॉफी तथा,उप विजेता टीम डोडका चौरा को 50 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार मकरा सहित प्रेम प्रकाश आर्मो, रंजीत साहू, शुभम गुप्ता, अनिकेत साय, विशाल, अरुण साय एवं शंकर साय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे और रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया।

# युवती की आत्महत्या के मामले में विवाहित प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



26 मई के रात्रि में थाना कुनकुरी क्षेत्र की एक 22 वर्षीय युवती थाना कुनकुरी के पास स्थित वायरलेस टॉवर में करीब 70 फीट की ऊंचाई तक चढ़कर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवती की मृत्यु के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। इस मामले में पुलिस ने युवती के विवाहित प्रेमी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मामले में दण्डाधिकारी से जांच के बाद युवती के शव का डॉक्टरों की टीम से पीएम कराया गया। जांच के दौरान मृतका के मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल रिकार्ड का अवलोकन अध्ययन किए जाने पर पाया गया कि मृतका के 3 अलग-अलग मोबाईल नम्बरों का घटना समय दिनांक समय में कई बार बातचीत हुई है उक्त नम्बरों के धारकों को तलब कर पूछताछ की गई तथा सम्पूर्ण जांच पर पाया गया कि मृतका अपने मृत्यु से पूर्व अपने 2 अलग- अलग परिचितों को रविशंकर राम से हुई घटना के बारे में बतायी थी। जांच में आरोपी रविशंकर राम की घटना में संलिप्तता पाये जाने पर उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 25 मई की शाम लगभग 4 बजे वह उक्त युवती को बाइक से बस स्टैण्ड कुनकुरी से अपने साथ लेकर अपने घर तरफ ले गया था, साथ में रखे रहा और उसे बोला कि तुमको पसंद नहीं करता हूं, टाईमपास के लिये मोबाईल में बातचीत करता था मैं शादीशुदा हूँ दो बच्चे का बाप हूं कहा था तब दोनों में इसी बात को लेकर लडाई झगडा हुआ तो युवती उसे बोली कि तुम मुझे नहीं रखोगे तो आत्महत्या कर लूंगी। युवती के यह करने पर रविशंकर राम ने उसे आत्महत्या कर ले कहा, फिर भी मैं तुझे अपने साथ नहीं रखूंगा कहकर बोलने लगा। इसी दौरान रविशंकर की पत्नि अपने भतीजा के साथ पहुंची अपने पति को किसी और लड़की के साथ देखकर दोनों पति-पत्नि में काफी विवाद हुआ और समाज में मीटिंग रखेगे कहकर बोलकर वहां से चली गई। युवती काफी दुःखी थी और 26 मई के रात्रि में उक्त युवती गुप्त रीति से थाना कुनकुरी परिसर में प्रवेश कर थाना के पास लगे हुए वायरलेस टावर में चढ़कर अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटर सायकल एवं उसका मोबाईल फोन को जब्त किया गया है।

आरोपी रविशंकर राम के द्वारा धारा 108 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे दिनांक 4 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### कानून के ऊपर कोई नहीं: एसएसपी

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह ने कहा कि- मामले की निष्पक्ष जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रविशंकर राम को गिरफ्तार किया गया है। कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# बघिमा प्राथमिक शाला में समर कैंप की शुरुआत

## बीईओ जशपुर एवं सरपंच की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बघिमा में समर कैंप का शुभारंभ हुआ। समग्र शिक्षा, जिला जशपुर के मार्गदर्शन में यह समर कैंप 5 से 14 जून तक चलेगा।

इस 10 दिवसीय समर कैंप में बच्चों के सहसंज्ञानात्मक एवं रचनात्मक विकास हेतु विभिन्न प्रकार के शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम के शुभारंभ जशपुर विकास खंड शिक्षा अधिकारी कल्पना टोप्पो, गांव के सरपंच पार्वती भगत की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर बीईओ कल्पना टोप्पो ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समर कैंप गर्मी छुट्टी में बच्चों के रचनात्मक एवं बौद्धिक विकास के लिए शासन की एक बहुत अच्छी पहल है एवं उन्होंने सभी बच्चों को समर कैंप में नियमित आने का आवाहन किया। इस

- 10 दिनों तक चलेगा समर कैंप

अवसर पर सर्वप्रथम योग, ध्यान एवं आसन प्रशिक्षक रवि गुप्ता के द्वारा कराया गया। नृत्य कला प्रशिक्षक शशि साहू एवं नूतन कुजूर के द्वारा सिखाया जा रहा है इसके साथ ही कैंप में आर्ट एवं क्राफ्ट, टॉय मेकिंग, खेलकूद, भाषण, चित्रकला, कहानी, कविता, व्यक्तित्व विकास एवं स्वावलंबन शिक्षा भी दी जाएगी। आर्ट एवं क्राफ्ट, खेल कूद शिक्षक मनोहर टोप्पो, कहानी एवं रचनात्मक लेखन, कहानी सुरेश खलखो द्वारा और रंगोली, चित्रकला, संगीत तारिका बुनकर एवं रंजिता सारंगी के द्वारा सिखाया जा रहा है। प्रथम दिवस में योग एवं ध्यान, नृत्य कला जुंबा डांस एवं मॉडल बनाने में बच्चों ने बहुत रुचि दिखाई।

इस अवसर पर शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि पीएमश्री योजना के अंतसाथ र्गत समग्र शिक्षा जिला जशपुर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम चल रहा है जिसमे बच्चो के कौशल विकास जिसमे सामाजिक भावनात्मक एवं व्यावहारिक कौशल जैसे टीम वर्क, नेतृत्व कला का विकास, आत्मविश्वास, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास खेल कूद मनोरंजन के साथ करना इसका उद्देश्य है।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर 4 प्रतिष्ठानों पर अर्थदण्ड

**कोरबा।** निगम एवं पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा पुराने कोरबा शहर इतवारी बाजार में विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा वहां पर स्थित 4 प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग व भण्डारण करते हुये पाये जाने पर इन दुकानदारों पर 13 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें, अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में पुराने शहर के इतवारी बाजार में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा.संजय तिवारी ने निगम अमले व पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारियों के साथ पहुंचकर वहां की दुकानों व प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान वहां पर स्थित प्रतिष्ठान गौरव ट्रेडर्स, कोरबा डिस्पोजल, सागर ट्रेडर्स एवं शुभम प्लास्टिक आदि दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक से निर्मित कैरीबैग, डिस्पोजल व अन्य प्लास्टिक सामग्री का उपयोग व भण्डारण करते हुये पाया गया।

### पत्नी, ससुर और साले पर 22 लाख की हेराफेरी का आरोप, पति की शिकायत पर मामला दर्ज

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद और कथित आर्थिक धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। एक व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी, ससुर और साले के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसकी मेहनत की कमाई का दुरुपयोग किया, संपत्ति पर कब्जे की कोशिश की और विरोध करने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा निवासी पिंगल कुमार बघेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी शादी वर्ष 2008 में प्रेम विवाह के रूप में हुई थी।

# प्रभारी मंत्री ने किया उद्यानिकी कॉलेज का भूमिपूजन

**रायगढ़।** प्रदेश के कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने आज जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम कोसमनारा में 23 करोड़ 3 लाख की लागत से स्वीकृत उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, 100 सीटर बालक छात्रावास तथा 100 सीटर बालिका छात्रावास भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पटेलपाली स्थित फल-सब्जी मंडी परिसर में 4 करोड़ 87 लाख की लागत से निर्मित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन गांव-गांव पहुंचकर आम जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह संस्थान आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां से प्राप्त ज्ञान और तकनीक किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# भीखमपुरा की सपेरा बस्ती पहुंचे सीएम, पीएम आवास निर्माण के लिए ईंट रख दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को रायगढ़ विधानसभा के भीखमपुरा गांव पहुंचे। जहां उन्हें अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। बिहान एवं स्व.सहायता की महिलाओं ने ताजा फल तोड़कर तात्कालिक रूप से गुलदस्ता, माला तैयार किया और मुख्यमंत्री को भेंट किया। इस सजीव स्वागत में गांव की सादगी और मुख्यमंत्री के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाया।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया के ग्राम भीखमपुरा में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ अपनी बात की शुरुआत की। जिससे माहौल देशभक्ति और मातृभूमि के सम्मान से ओतप्रोत हो गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करना और आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करना था।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और सुझावों को गंभीरता से लिया। एक भावनात्मक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गांव के सरपंच गगन पाणिग्राही को अपने पास बैठाया। जिससे यह प्रतीत होता है कि राज्य सरकार गांव के नेतृत्व और पंचायत व्यवस्था को कितना सम्मान देती है। यह दौरा प्रदेश सरकार की जन केंद्रित नीति और गांव, गरीब, किसान के हित में प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जैसे ही ग्राम भीखमपुरा पहुंचे सबसे पहले यहां वर्षों से पिछड़ी सपेरा बस्ती पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सपेरा परिवारों के लिए 50 मकान का निर्माण प्रधानमंत्री आवास के तहत कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने यहां पर अपने हाथों से ईंट रखकर निर्माण कार्य को गति प्रदान की। उन्होंने सपेरा बस्ती के वसींदों से चर्चा की और उनकी समस्या के बारे में करीब से जाना। जहां मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर सपेरा समुदाय ने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री को सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी की मांग की। जहां मुख्यमंत्री ने उनके मांगों को प्रमुखता से लेते हुए पूरा करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सपेरा बस्ती में ही अपने हाथों से पौधा रोपण किया। तत्पश्चात गौशाला परिसर में पंचमुखी हनुमान पहुंच कर पूजा पाठ कर जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जन केंद्रित योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखा।

जहां ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए विकास के क्षेत्र में एक कदम आगे बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं अन्य अतिथियों को सरपंच द्वारा वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार को लेकर प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जहां ग्रामीणों के समस्याओं का निराकरण की जा रही है। उन्होंने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए इसकी जमीनी हकीकत को जानने का प्रयास किया।

ग्राम पंचायत खड़सा के ग्राम कोमडो में अंगूर की फसल

# जशपुर में अब अंगूर के खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला हमेशा अपनी नई नई उपलब्धियों के कारण चर्चा में बना रहता है। कभी आम, कटहल, लीची नासपाती, सेब एवं स्ट्रॉबेरी की फसलों के लिए चर्चा में आए जशपुर में एक और अध्याय जुड़ने का जा रहा है। अब अंगूर की खेती की संभावना यहां के किसान तलाश कर रहे हैं। जिले के कुनकुरी विकासखंड के खड़सा ग्रामपंचायत के आश्रित ग्राम कोमडों के कई किसान अपने अपने घरों में अंगूर के पौधे लगाकर अंगूर की खेती का प्रयोग कर रहे है।

कोमडो ग्राम के सरपंच उमेश सिंह के आंगन में भी पिछले 4-5 सालों से अंगूर का पौधा लगा हुआ है जिसमें पिछले 3 सालों से फल लगाता है और उसका उपयोग कर रहे है। उमेश सिंह का कहना है कि इस को गांव के और भी घरों में अंगूर के पौधे लगे है।साथ ही बगीचा के कुछ ग्रामों में भी अंगूर के पौधे लगे है।अगर प्रयोग सफल रहा तो इसका व्यवसायों रूप में किसान खेती कर सकेंगे।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक करन सोनकर से अंगूर की खेती के बारे में जानना चाहा गया तो उनका कहना है कि जशपुर के कई क्षेत्रों में अंगूर के पौधे पाए गए है।लेकिन यह की।मिट्टी एवं जलवायु में क्या अंगूर की खेती व्यावसायिक स्तर पर की जा सकती है या नहीं यह अनुसंधान का विषय है। जब तक कृषि वैज्ञानिक इस विषय पर अनुसंधान करके यहां की मिट्टी का परीक्षण एवं जलवायू के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं देते तब तक इस विषय में कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

27 ने नहीं कराया अभिलेखों का संधारण, 4 में विक्रय पर प्रतिबंध तो वही 3 का स्टॉक

# 89 खाद बिक्री केंद्रों की जांच, 60 में मिली गड़बड़ी, 50 को नोटिस, 3 दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरीफ सीजन के दौरान किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने जिलेभर में निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में बीते 2 माह में 89 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जिसमें से 60 में अनियमिततायें पाई गईं। ऐसे में 50 केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही 4 केंद्रों में विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा 3 केंद्रों के स्टॉक में अंतर मिला है जिसे जब्त कर किया गया है। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं के कारण निजी और सहकारी उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल से 1 जून तक कुल 89 केंद्रों में किए गए निरीक्षण के दौरान यह खामियां देखने को मिली हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अनियमितता पाए जाने पर 50 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 32 मामलों में विक्रय केंद्रों को चेतावनी या निर्देश दिए गए।



### रखी जा रही नजर

किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए उर्वरक भंडारण, विक्रय और वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**अनिल वर्मा**
उप संचालक, कृषि विभाग

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त